कालीन निर्यात संवर्धन परिषद्
CARPET EXPORT PROMOTION COUNCIL
*(Set up by Ministry of Textiles, Govt. of India)*
**Working Office :** 2nd Floor, Rajiv Gandhi Handicrafts Bhawan, Baba Kharak Singh Marg, New Delhi – 110001
**Phone :** +91-11-233 647 16, 233 64717
**E-mail :** info@cepc.co.in, **Website :** www.cepc.co.in
**Regd. Office :** Shreejee Complex, Shop No. T-3, Sharma Market, Harola, Noida (U.P.)
**Website of Ministry of Textiles :** www.texmin.nic.in

# प्रेस विज्ञप्ति

7 फरवरी, 2021

आज, दिनांक 7 फरवरी, 2021 को श्री योगेश्वर राम मिश्रा, आईएएस, आयुक्त मिर्ज़ापुर ने भदोही कालीन एक्सपो मार्ट के कर्टन रेज़र कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। समारोह मे श्री रविन्द्र नाथ त्रिपाठी, माननीय विधायक, भदोही, श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद, श्री जय करण सिंह, व्यापार सलाहकार, पदेन संयुक्त सचिव, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार, श्री योगेश्वर राम मिश्रा, आईएएस, आयुक्त मिर्ज़ापुर, श्री राजेंद्र प्रसाद, आईएएस, डीएम भदोही, सुश्री कृतिका ज्योत्सना, आईएएस, सीईओ, बीडा, श्री उमेश कुमार सिंह, संयुक्त आयुक्त (उद्योग), श्री हरेंद्र प्रताप, उपायुक्त, जीएम डीआईसी, एवं राज्य सरकार वरिष्ठ अधिकारियो ने अपनी गरिमामयी उपस्थिती प्रदान की ।

समारोह मे श्री उमर हमीद, द्वितीय उपाध्यक्ष, श्री उमेश कुमार गुप्ता, श्री ओंकार नाथ मिश्रा, श्री अब्दुल रब, श्री फिरोज वजीरी, मो. वासिफ अंसारी, श्री हुसैन जाफर हुसैनी, श्री संजय कुमार गुप्ता, श्री श्रीराम मौर्य, सदस्य, परिषद की प्रशासनिक समिति के सदस्य, श्री ओंकार नाथ मिश्रा, अध्यक्ष, (AICMA), सदस्य निर्यातक और मीडिया ने भी समारोह मे शिरकत करी ।

श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद और प्रशासनिक समिति के सदस्यों ने गणमान्य वायक्तियों को मेमेंटोस, फूल गुलदस्ते और शॉल भेंट किए।

श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने अपने स्वागत भाषण में समारोह मे उपस्थित श्री योगेश्वर राम मिश्रा, आईएएस, आयुक्त मिर्ज़ापुर, श्री रविन्द्र नाथ त्रिपाठी, माननीय विधायक, भदोही ने भदोही कालीन एक्सपो मार्ट के कर्टन रेज़र कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। समारोह मे श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद, श्री जय करण सिंह, व्यापार सलाहकार, पदेन संयुक्त सचिव, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार, श्री राजेंद्र प्रसाद, आईएएस, डीएम भदोही, सुश्री कृतिका ज्योत्सना, आईएएस, सीईओ, बीडा, श्री उमेश कुमार सिंह, संयुक्त आयुक्त (उद्योग), श्री हरेंद्र प्रताप, उपायुक्त, जीएम डीआईसी, प्रशासनिक समिति के सदस्यो, सदस्यो निर्यातको को समारोह मे अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धनवायद दिया ।

श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने बताया कि परिषद ने भदोही कारपेट एक्सपो मार्ट को संचालन के लिए अपने अधीन ले लिया है और परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय को मार्ट मे स्थानांतरित कर दिया है। अध्यक्ष ने बताया कि मार्ट 7.5 एकड़ में बना है और सभी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अन्य सुविधाओं से पूरी तरह वातानुकूलित है। मार्ट में हस्तनिर्मित कालीनों प्रदर्शन के लिए के लिए 7,000 वर्ग मीटर का प्रदर्शनी हॉल, सम्मेलन कक्ष एवं 94 स्थायी दुकानें हैं। परिषद द्वितीय तल पर अंतर्राष्ट्रीय मानक का एक रेस्तरां बनाएगी। बीड़ा ने पहले ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 5 सितारा होटल के निर्माण के लिए मार्ट के पास जगह आवंटित कर दी है। परिषद एक वर्ष में 2 अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों का आयोजन करेगी जिसमें लगभग 60 देशों के विदेशी खरीदार भी हिस्सा लेंगे । परिषद 5-7 घरेलू प्रदर्शनियों का आयोजन भी करेगी जिसमे वस्त्र, चमड़ा उत्पाद, जूट उत्पाद, हस्तशिल्प, उत्तर पूर्व उत्पाद, मुरादाबाद पीतल, मिर्जापुर

बर्तन आदि शामिल होंगे । भदोही और मिर्जापुर के 600 से अधिक निर्यातको और कारीगरो को सीधे तौर पर मार्ट का लाभ प्राप्त होगा ।

कर्टन रेज़र प्रोग्राम के माध्यम से परिषद सदस्य-निर्यातकों के लिए मार्ट के द्वार खोल रही है, जिससे निर्यातक आधिकारिक रूप से मार्ट में उपलब्ध विश्व स्तर की सुविधाओं अनुभव कर सकते हैं । भदोही कारपेट एक्सपो मार्ट, पूरे विश्व के बाजारो एवं विदेशी खरीदारों को निर्यातकों और बुनकरों के लिए भदोही में उनके घर तक लाएगा और आशा हैं कि मार्ट उद्योग से जुड़े सभी हितधारकों के लिए भी फायदेमंद होगा।

श्री योगेश्वर राम मिश्रा, आईएएस, कमिशनर मिर्जापुर ने अपने संबोधन में भदोही कारपेट एक्सपो मार्ट के संचालन के लिए कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष श्री सिद्ध नाथ सिंह द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की, जो न केवल भदोही- मिर्जापुर और आसपास के क्षेत्रों के विकास में एक मील का पत्थर सभीत होगा ।

श्री उमेश कुमार सिंह, संयुक्त आयुक्त (उद्योग) ने उद्योग निदेशालय, भारत सरकार एवं कालीन निर्यात संवर्धन परिषद की ओर से औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने उद्योग के विकास के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

सामरोह मे उपस्थित सभी वीआईपी और गणमान्य लोगों ने खुशी व्यक्त की और भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग के विकास के लिए अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया।